# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, PATNA**

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

**(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)**

भारत सरकार / **Government of India**

**Medical Superintendent** / चिकित्सा अधीक्षक


**पत्रांक एम्स/पटना/एम.एस./2025/** 4036 **दिनांक 13.12.2025**

## सूचना

अस्पताल प्रबंधन के सभी संकायों, विभागाध्यक्षों, शाखाओं तथा प्रशासनिक प्रकोष्ठों को यह सूचित किया जाता है कि संस्थान में स्पष्ट, सुगम एवं मानकीकृत प्रशासनिक संवाद सुनिश्चित करने के उद्देश्य से **अस्पताल संबंधी सभी गैर-शैक्षणिक पत्राचार** अब से निम्न भाषा प्रारूप में ही जारी किए जाएँ–

1. **हिन्दी भाषा में** (यथा संभव) या
2. **हिन्दी एवं अंग्रेज़ी - दोनों भाषाओं (द्विभाषी) में।**

इन गैर-शैक्षणिक पत्राचारों में विशेष रूप से निम्न शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं–

- अस्पताल प्रशासन से जारी **नोटिस/सूचनाएँ**,
- **कार्यालय आदेश (Office Orders)**,
- **अवकाश अनुमोदन/अवकाश संबंधी पत्र**,
- **अनुभव प्रमाणपत्र/सेवा प्रमाणपत्र**,
- **स्थापना, सामान्य प्रशासन एवं मानव संसाधन प्रबंधन से संबंधित पत्राचार**,
- तथा अस्पताल संचालन से जुड़े अन्य *सभी गैर-अकादमिक दस्तावेज*

केंद्र सरकार के राजभाषा नीति दिशा-निर्देशों, संस्थान की भाषा-अनुपालन आवश्यकताओं तथा कर्मचारियों/रोगियों/सामान्य जनमानस के हित में प्रशासनिक भाषा को सरल और सुलभ बनाए रखने हेतु यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू किया जा रहा है।

अतः सभी संबंधित विभाग/इकाइयाँ यह सुनिश्चित करें कि आगे से जारी होने वाले सभी गैर-अकादमिक दस्तावेज उपर्युक्त भाषा-निर्देशों के अनुरूप ही हों। किसी भी प्रकार की अनुपालना में चूक की स्थिति में दस्तावेजों को संशोधन हेतु लौटाया जा सकता है।

यह सूचना संस्थानिक भाषाई एकरूपता एवं सुचारू प्रशासनिक व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु जारी की जा रही है।

**(चिकित्सा अधीक्षक)**

एम्स, पटना

चिकित्सा अधीक्षक
एम्स, पटना

प्रतिलिपि-

- सभी विभागध्यक्ष/संकाय सदस्य
- उप निदेशक प्रशाषण
- कार्यकारी निदेशक के प्रधान निजी सचिव
- सीएनओ/ नर्सिंग कार्यालय
- हिन्दी अधिकारी
- एम्स वेबसाइट